Regarding implementation of peace treaties and agreements signed to establish peace and accelerate development in the North Eastern region

श्री दिलीप शइकीया **(दारंग-उदालगुड़ी) :** सभापति महोदय, जैसा कि इस सदन को मालूम है कि देश के पूर्वोत्तर क्षेत्रों में शांति स्थापित करने और विकास कार्यों को गति देने हेतु आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में वहां अभी तक 12 शांति समझौते और संधियां हुई हैं । वहां के 11,000 युवा मेनस्ट्रीम में आए हैं। ऐसे 12 शांति समझौते और संधियां हुई हैं तथा वहां जो भी अन्य विषय हैं, उनको वहां शत-प्रतिशत लागू किया जाए । मैं ऐसी मांग करता हूं ।

दूसरा, मेरे संसदीय क्षेत्र के तहत रंगिया जंक्शन है । रंगिया में मेरा डिविजन ऑफिस भी है । उस जंक्शन पर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का स्टॉपेज नहीं है । उस जंक्शन पर हर राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन का ठहराव कराया जाए । कोविड महामारी के समय जिन रेलवे स्टेशनों में विभिन्न ट्रेनों का ठहराव बंद कर दिया गया था, उसको फिर से शुरू किया जाए ।